पेज थ्री
देहरादून

देहरादून बृहस्पतिवार 9 जुलाई 2020 पेज 8

# हमारा दून

कांग्रेस भवन में बैठक करते कांग्रेसी।



# अधीनस्थ सेवा चयन आयोग नियमावली में संशोधन

**कैबिनेट की बैठक**

■ कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसलों पर लगी मुहर

■ मुख्यमंत्री राहत कोष में मिली धनराशि को पारदर्शी बनाया जाएगा

■ कोष के हिसाब–किताब के लिए वित्त विभाग के अधिकारी की होगी तैनाती

**संवाददाता**

देहरादून। कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लगी है। बैठक में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग नियमावली में संशोधन किया गया है। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को जोड़ा गया है। साथ ही समूह–ग की सीधी भर्ती में फायदा मिलेगा। वहीं, मुख्यमंत्री राहत कोष में मिली धनराशि को पारदर्शी बनाया जाएगा। कोष के हिसाब–किताब के लिए वित्त विभाग के अधिकारी की तैनाती होगी।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान 22 प्रस्तावों पर चर्चा की गई, जिसमें 21 मुद्दों पर फैसला लिया गया है। सरस्वती विध्या मंदिर इंटर कॉलेज श्रीकोट को निरूशुल्क 326 हेक्टेयर पट्टे की भूमि देने का फैसला लिया गया है। वहीं, कैंपा योजना का प्रबंधन और नीति ढांचा स्वीकृत हुआ है, जिसमें 29 पदों को मंजूरी मिली है। सीईओ के प्रतिनियुक्ति पर तैनात रहने को भी मंजूरी मिली है।



मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत। (फाइल फोटो)

उत्तराखंड राज्य शहरी परिवहन निधि नियमावली–2020 में परिवर्तन। नियम छः के स्तंभ दो में बढ़ोतरी करते हुए अब सीधा पैसा कोषागार में जमा होगा। पहले अलग–अलग होता था जमा।

उत्तराखंड स्टोन क्रशर, स्क्रीनिंग प्लांट हॉट मिक्स नीति–2020 के संबंध में फैसला, कृषि मंत्री की अध्यक्षता में बनी कमेटी का आया सुझाव।

उपखनिज भंडारण को लेकर भी नीति में संशोधन, जिलास्तर पर होगा निर्णय। मोबाइल स्टोन क्रशर के लिए नियम तय।

रीटेल भंडारण को पांच साल की मिली अनुमति, पहले तीन हजार था लाइसेंस शुल्क, अब किया गया 25,000।

अन्य राज्यों से आने वाले खनिज के कच्चे माल पर लगी रोक। उद्योग धंधों में बिचौलियों की व्यवस्था को किया गया समाप्त। अब फैक्ट्री मालिक विज्ञापन देकर सीधा श्रमिक से कर सकेगा कॉनट्रेक्ट। म्यूचुअल कॉन्ट्रेक्ट के चलते तीन साल, पांच साल या ज्यादा का हो सकेगा कॉन्ट्रेक्ट।

अर्बन सीलिंग भूमि जनपद देहरादून का प्रस्ताव, भूउपयोग परिवर्तन का था प्रस्ताव, लिपिकीय त्रुटि को बदलने का फैसला।

## डेंगू से बचाव के लिए चलाया अभियान, किया चालान



**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी डा. आशीष कुमार श्रीवास्तव के आदेश के अनुपालन में डेंगू से बचाव हेतु भानियावाला तिराहा, हरिद्वार रोड पर जन जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके दौरान मोटर मैकेनिक वर्कशॉप, कार धुलाई सेंटर, कबाड़ी की दुकान, टायर पंचर की दुकान, होटल आदि का निरीक्षण किया गया तथा मौके पर कंडम कार, टायरों, टूटी फूटी वस्तुओं आदि में जहां पानी व लारवा पाया गया, को गिरवा कर दवाई का छिड़काव कराया गया। इस अवसर पर दोषियों के 1200 रुपये के चालान काटे गए। इस अवसर पर इसके अतिरिक्त हरिद्वार रोड पर पाए गए गढ्डो से होने वाली समस्या से एनएचएआई के प्रतिनिधि को अवगत कराया गया और जिसे दो दिन में पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर अभियान में विजय प्रताप सिंह चौहान अधिशासी अधिकारी, रेखा आर्य तहसीलदार डोईवाला, सभासद बलविंदर सिंह, श्री ईश्वर सिंह रोथान, परमीत कुमार, सफाई निरीक्षक सुमन चौहान, एएनएम अंजू बिष्ट एवं पालिका कर्मचारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दूल्हे को कोरोना, दुल्हन समेत 16 क्वारंटाइन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। देहरादून के कांवली रोड निवासी एक युवक में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। युवक की 29 जून को शादी हुई थी, जिसके बाद दूल्हा–दुल्हन समेत 16 लोगों को क्वारंटाइन किया गया है। इसके साथ ही अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स) ऋषिकेश में पिछले 24 घंटे में छह लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इनमें एम्स के दो चिकित्सक भी शामिल हैं।

### बीएमएस के अध्यक्ष व सुपरवाइजर किये सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। स्वच्छता पखवाड़ा के उपलक्ष्य में ओएनजीसी मुख्यालय तेल भवन महाप्रबंधक विपुल जैन द्वारा ओएनजीसी में कार्यरत ओएनजीसी सविदा कर्मचारी संघ बीएमएस के अध्यक्ष संदीप कुमार (बिटूट) को सम्मानित भेंट प्रदान की। इस अवसर पर ओएनजीसी में क्यूऐस कम्पनी के ऑपरेशन मैनेजर कर्मवीर सिंही, सुपरवाइजर मनोज शुक्ला और कम्पनी के सभी सुपरवाइजर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ओएनजीसी सविदा कर्मचारी संघ बीएमएस के महामंत्री धर्मपाल, मीडिया प्रभारी चन्द्रसागर उनियाल(चन्दा), संगठन मंत्री विकास केसला, मनोज कुमार, शशी शर्मा, राजेन्द्र रावत, नरेश कुमार, परवीन मौजूद रहे।

### टिहरी झील की वादियों दिखेंगी तिग्मांशु की यारा में: अभिनव थापर

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय फिल्म पुरुस्कार विजेता निर्देशक तिग्मांशु धुलिया की अगली फिल्म यारा 30 जुलाई ऑनलाईन प्लेटफार्म–जी 5 पर रिलीज होने जा रही है। मूल रूप से उत्तराखंड के तिग्मांशु धूलिया ने कई चर्चित फिल्में बनाई है जैसे मुख्यतः हासिल, साहिब बीवी और गैंगस्टर, साहिब बीवी गैंगस्टर रिटर्न्स , पान सिंह तोमर, बुलेट राजा , रागदेश आदि प्रमुख है।

## डा. निशंक के विजय कालोनी आवास पर दिया ज्ञापन, पूछे प्रश्न

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री के विजय कॉलोनी निवास पर ज्ञापन दिया गया है जिसमें केन्द्रीय मंत्री से कुछ प्रश्न पूछे गए हैं। इस अवसर में विकास नेगी ने कहा है कि देश में कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी अपने चरम पर है और कुछ दिन पूर्व जिस प्रकार एमएचआरडी द्वारा इंटरमीडिएट सेमेस्टर के छात्रों का मूल्यांकन आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर किया जाएगा एवं टर्मिनल सेमेस्टर के छात्रों का मूल्यांकन जो सितम्बर में परीक्षाओं से किया जाने का फैसला लिया है जो कि छात्र विरोधी फैसला है और इसका पुरजोर विरोध किया जायेगा।

# एनएसयूआई ने डा. निशंक के लिए किया बुद्धि शुद्धि यज्ञ

**विरोध**

■ फैसले से छात्र छात्राओं का पूरा शैक्षणिक वर्ष बर्बाद हो जाएगा

देहरादून। **संवाददाता**

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने डीएवी महाविद्यालय में केन्द्रीय मानव संसाधन एवं विकास मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक की सदबुद्धि के लिए बुद्धि शुद्धि यज्ञ किया और कहा कि जिस प्रकार से कल जारी निर्देशों में के अनुसार विश्वविद्यालयों को सितम्बर में परीक्षा करवाने की अनुमति दी गई है का एनएसयूआई उसका कड़ा विरोध करेगी और इसके लिए आंदोलन चलाया जायेगा।



इस अवसर पर संगठन के कॉलेज प्रभारी हिमांशु रावत ने कहा कि केंद्रीय मंत्रालय के इस फैसले से छात्र छात्राओं का पूरा शैक्षणिक वर्ष बर्बाद हो जाएगा व बिना शैक्षणिक पाठ्यक्रम पूर्ण करवाएं परीक्षा लेना उचित नहीं है। आज देश भर में प्रतिदिन लगभग 25 हजार कोरोना वायरस कोविड 19 से संक्रमित मिल रहे हैं और ऐसी स्थिति में सितंबर आते–आते यह संख्या और अधिक बढ़ जाएगी और उस बीच परीक्षाएं संपन्न कराना छात्र छात्राओं के जीवन के साथ खिलवाड़ होगा।

उन्होंने कहा कि प्रतिदिन चार सौ से पांच सौ लोगों की मृत्यु हो रही है। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं के साथ साथ उनके परिवार जनों को भी संक्रमण के जोखिम में डाला जा रहा है।

एनएसयूआई शुरू से ही छात्र छात्राओं को प्रमोद करने की मांग कर रही है व सरकार के इस फैसले का विरोध करती है। उन्होंने कहा कि जब हमारे देश की संसद व विधानसभा जहां की चंद जनप्रतिनिधि होते है और उनका संचालन नहीं किया जा सकता तथा ऐसी स्थिति में एक ही विश्वविद्यालय में हजारों छात्र छात्राओं की परीक्षा करवाने का फैसला छात्र छात्राओं व उनके परिवारजनों के जीवन को जोखिम में डालने वाला है। इस आदेश का पुरजोर तरीके से विरोध किया जायेगा।

## तकनीकी कर्मचारियों के साथ हो रहे भेदभाव पर जताया रोष

**संवाददाता** देहरादून। कोविड–19 के मद्देनजर पूरे नियमों का पालन करते हुए दो गज की दूरी एवं मॉस्क पहन ऊर्जा निगम में कार्यरत सभी यूनियन पब्लिक ट्रेड यूनियन से संबंधित टीजी–2 एवं टीजी–1 की संयुक्त बैठक ऊर्जा विभाग आराघर परिसर में आयोजित की गई। जिसमें सभी कर्मचारियों ने प्रबंधन के द्वारा तकनीकी कर्मचारियों के प्रति किए जा रहे भेदभाव पर रोष प्रकट किया। इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता सुनील पाल एवं संचालन दीपक शैली द्वारा किया गया बैठक को संबोधित करते हुए समिति के संयोजक आशीष सती ने बताया कि आठ वर्षों से लगातार टीजी–2 एवं टीजी–1 के कार्मिक अभियंता के पद पर पदोन्नति की राह देखते देखते ही कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।